छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2025 रायपुर, दिनांक / /2025

//कार्यालय-आदेश//

आदेशानुसार, दिनांक 01 नवम्बर, 2025 को माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण व उसके पूर्व आवश्यक तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय अवकाश दिवस दिनांक 25, 26 एवं 27 अक्टूबर, 2025 को विधान सभा सचिवालय का कार्यालयीन समय प्रतिदिन अनुसार प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक रहेगा।

लोकार्पण समारोह दिवस दिनांक 01 नवम्बर, 2025 (शनिवार) को **नवीन विधान सभा सचिवालय** में कार्यालयीन समय प्रात: 08:00 बजे से कार्य समाप्ति तक रहेगा। समस्त अधिकारी/कर्मचारी उक्त तिथि को प्रात: 08:00 बजे तक अनिवार्यत: नवीन विधानसभा भवन में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

दिनांक 01 नवम्बर, 2025 को समस्त अधिकारी एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी उन्हें प्रदायित सफेद शर्ट-पेंट (गणवेश) के ऊपर नवीन प्रदायित ब्लेजर धारित कर तथा वाहन चालक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किये गये निर्धारित वर्दी, जूते एवं टोपी पहन कर दृष्टव्य रूप से अपना सचिवालयीन परिचय पत्र एवं लोकार्पण समारोह हेतु जारी पृथक परिचय पत्र तथा रजत जयंती संबंधित बैच अपने गणवेश में दृष्टव्य स्थान पर अनिवार्य रूप से धारित करेंगे।

दिनांक 01 नवम्बर, 2025 को पहली बस प्रात: 07:00 बजे सिद्धार्थ चौक से, दूसरी बस प्रात: 07:00 बजे पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से, तीसरी बस प्रात: 07:15 बजे विजेता कॉम्पलेक्स से तथा चौथी बस प्रात: 07:20 बजे विधानसभा परिसर से निर्धारित मार्ग से होते हुए प्रात: 08:00 बजे नवीन विधान सभा भवन पहुंचेगी।

आदेश से,

हस्ता/-

संचालक

छत्तीसगढ़ विधान सभा

(8)

पृ. क्रमांक 14007/वि.स./स्था./2025 रायपुर, दिनांक 23/10 /2025

प्रतिलिपिः-

01. मान. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव को मान. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।

02. मान. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष सहायक को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ।

03. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।

04. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ व पालनार्थ।

05. सर्वर कक्ष।

23/10/25

प्रशासकीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ विधान सभा